

# 3 लाख में नाबालिग का सौदा, उम्र बदलकर कराई शादी

- फर्जी विवाह की आड़ में मानव तस्करी का नेटवर्क बेनकाब
- मास्टरमाइंड समेत चार गिरफ्तार; कई राज्यों तक जुड़े होने की आशंका

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नाबालिग लड़कियों की खरीद फरोख्त कर फर्जी शादियां कराने वाले संगठित गिरोह का इंदौर पुलिस ने पर्दाफाश किया है. बाणगंगा पुलिस ने अपहरण के एक प्रकरण की विवेचना के दौरान गिरोह के मास्टरमाइंड सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया है कि गिरोह ने एक नाबालिग का करीब तीन लाख रुपए में सौदा कर उसके पहचान दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया और उसे बालिग बताकर रतलाम में शादी करा दी.**

पुलिस को आशंका है कि गिरोह पहले भी कई नाबालिग बालिकाओं और युवतियों की फर्जी शादियां कराकर मानव तस्करी कर चुका है. इसी आधार पर जांच का दायरा अन्य राज्यों तक बढ़ाया है.

पुलिस जांच के मुताबिक गिरोह आर्थिक रूप से कमजोर और मजबूर परिवारों को निशाना बनाता था. नाबालिग लड़कियों को अधिक पैसा, बेहतर भविष्य और मकान दिलाने जैसे प्रलोभन देकर झांसे में लिया जाता था. इसके बाद उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर उम्र बढ़ाई जाती थी और गिरोह के सदस्य स्वयं को परिजन बताकर विवाह की पूरी प्रक्रिया पूरी कराते थे. पुलिस के अनुसार इस मामले में भी नाबालिग का आधार कार्ड बदलकर उसे बालिग दर्शाया गया और करीब तीन लाख रुपए में उसका विवाह कराया. इस मामले में पुलिस ने मुख्य षड्यंत्रकर्ता संजू उर्फ संजय यादव निवासी मुसाखेड़ी, रामविलास उर्फ राकेश यादव निवासी वृंदावन कॉलोनी, रतलाम जिले के बड़ावदा निवासी दूल्हा संजु पाटीदार तथा उसके पिता नंदराम पाटीदार को गिरफ्तार किया है. गिरोह के अन्य सदस्य सोनू बंजारा, किशोर चौहान, कच्छूलाल गुर्जर, लालसिंह गुर्जर और बाबू दादा की तलाश की जा रही है.

प्रारंभिक जांच में पुलिस को ऐसे इनपुट मिले हैं कि गिरोह का नेटवर्क अन्य राज्यों तक फैला हो सकता है. फर्जी दस्तावेज तैयार करने, मानव तस्करी, अवैध लेन-देन और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है. पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितनी नाबालिग बालिकाओं और युवतियों की फर्जी शादियां कराई हैं.

नाबालिग बालिका के अपहरण प्रकरण की विवेचना के दौरान संगठित मानव तस्करी एवं फर्जी विवाह कराने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है. चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. प्रारंभिक जांच में अन्य मामलों के भी संकेत मिले हैं, इसलिए जांच का दायरा बढ़ाया है, फरार आरोपियों की तलाश जारी है.

### ऐसे खुला फर्जी शादी और मानव तस्करी का रैकेट

नाबालिग बालिका के लापता होने पर उसकी मां ने बाणगंगा थाने में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मुख्य आरोपी तक पहुंच बनाई. पुलिस की सक्रियता बढ़ने पर आरोपी पीड़िता को वापस इंदौर छोड़ गए. इसके बाद पीड़िता ने अपनी मां और पुलिस को पूरी घटना बताई. बयान, दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों की जांच के बाद पुलिस ने फर्जी शादी और मानव तस्करी के संगठित नेटवर्क का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.


-एसीपी हीरानगर, रूबीना मिजवानी

# केयर टेकर बनकर घरों में घुसती, मौका मिलते उड़ाती थी जेवर नकदी

- पुलिस ने महिला चोर को पकड़ा, दो वारदातों का खुलासा
- 10 लाख का माल बरामद

नव भारत न्यूज

**इंदौर. घरों में केयर टेकर बनकर भरोसा जीतने और मौका मिलते ही चोरी करने वाली महिला को जूनी इंदौर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी महिला ने दो घरों में नकबजनी की वारदात करना कबूल किया है. पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 10 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर और नकदी बरामद की है. पुलिस अब महिला से शहर में हुई अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है.**



पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी महिला विनिता पति किशन अग्रवाल निवासी सिंधी कॉलोनी, किराए के मकान में रह रही थी. वह घरों में बच्चों की देखभाल और केयर टेकर का काम करती थी. इसी दौरान वह घर की स्थिति, सामान रखने की जगह और आने जाने वालों की जानकारी जुटा लेती थी. मौका मिलने पर वह चोरी कर फरार हो जाती थी. आकांक्षा अपार्टमेंट, सर्वोदय नगर निवासी संजरी अग्रवाल ने मार्च में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके फ्लैट से सोने चांदी के जेवर और चार लाख रुपए नकद चोरी हो गए हैं. इसी तरह जुलाई में सिंधी कॉलोनी निवासी दिव्या केवलरमानी के घर से अलमारी में रखे सोने के जेवर और नकदी चोरी होने की शिकायत मिली थी. दोनों मामलों की जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि एक महिला चोरी के जेवर बेचने या गिरवी रखने के लिए ग्राहक तलाश रही है. मूखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने महिला को पकड़ा. पूछताछ में उसने दोनों चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चार सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने के टॉप्स, एक सोने का लॉकेट और 28 हजार 500 नकद बरामद किए हैं. बरामद जेवरों का वजन करीब 50 ग्राम है, कीमत लगभग 10 लाख आंकी गई.

### इनका कहना है...

आरोपी महिला से शहर की अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है. दो चोरी की वारदातों की जांच के दौरान महिला आरोपी की भूमिका सामने आई थी. आरोपी घरों में केयर टेकर का काम करते हुए मौका देखकर चोरी करती थी. उससे चोरी का पूरा माल बरामद अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है.

जूनी इंदौर थाना प्रभारी,
अनिल गुप्ता

# इंदौर से गुजरात तक शराब तस्करी की कड़ी खंगाल रही पुलिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शराब तस्करी के एक मामले की जांच में पुलिस को इंदौर से गुजरात तक जुड़े नेटवर्क की जानकारी मिली है. राजेंद्रनगर पुलिस अब इस नेटवर्क में शिवा मालवीय की भूमिका की जांच कर रही है. पूछताछ में नाम सामने आने के बाद उसे मामले में आरोपी बनाने की तैयारी की जा रही है.**

राजेंद्रनगर पुलिस ने तेजपुर गड़बड़ी पुलिया के पास एक कार से अंग्रेजी शराब जब्त की थी, कार चालक मौके से फरार हो गया था. मामले में पकड़े गए पर्वत प्रेमसिंह वास्कले निवासी चिकली जीराबाद (धार) से पूछताछ में शिवा मालवीय निवासी मालवीय नगर का नाम सामने आया. पुलिस जांच में सामने आया कि शिवा मालवीय का गुजरात आना जाना रहता है. पुलिस को आशंका है कि इंदौर से गुजरात तक शराब पहुंचाने वाले नेटवर्क में उसकी भूमिका हो सकती है. इससे पहले भी उसका नाम एमआईजी थाना क्षेत्र के शराब तस्करी के मामले में सामने आ चुका है. मामले की जांच के दौरान पुलिस ने दुर्गानगर निवासी पंकज पटेल से भी पूछताछ की थी. कॉल डिटेल और अन्य जानकारियों के आधार पर पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच कर रही है. सहायक थानेदार बानसिंह जमरे ने बताया कि पर्वत वास्कले के बयानों के आधार पर शिवा मालवीय को मामले में आरोपी बनाया जा रहा है. उससे पूछताछ के बाद इंदौर से गुजरात तक शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी.

# शाजापुर का तस्कर एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार, ढाई लाख का माल जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नारकोटिक्स विंग ने इंदौर देवास हाईवे के पास कार्रवाई करते हुए शाजापुर के एक युवक को एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब ढाई लाख रुपए कीमत की 23 ।94 ग्राम एमडी ड्रग्स, मोबाइल और बाइक बरामद की गई है.**

मुखबिर से सूचना मिली थी कि शिप्रा क्षेत्र में चामुंडा नाश्ता पॉइंट के पास एक युवक मादक पदार्थ लेकर बैठा है. सूचना पर निरीक्षक हरि सोलंकी की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और हुलिए के आधार पर मुकेश दीपक पिता अंतरसिंह उम्र 27 साल निवासी रथभंवर बेरछा, शाजापुर को पकड़ लिया. तलाशी में उसके पास से 23. 94 ग्राम एमडी ड्रग्स, एक मोबाइल और बिना नंबर की बाइक मिली. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह ड्रग्स कहां से लेकर आया था और किसे सप्लाई करने वाला था. पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है.

### पूछताछ की जा रही है...

आरोपी से पूछताछ की जा रही है, यह पता लगाया जा रहा है कि वह ड्रग्स किससे लेकर आया था और इसके पीछे कौन लोग जुड़े हैं. जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी.

– डीएसपी नारकोटिक्स विंग, संतोषसिंह हाड़ा

## एक नजर में

### चक्कीवाले महादेव की राजसी पालकी यात्रा निकली

**महू.** नगर के आस्था एवं विश्वास के प्रतीक और राजाधिराज श्री चक्की वाले महादेव की पारंपरिक भव्य राजसी पालकी यात्रा एवं ऐतिहासिक नगर भ्रमण रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ. दोपहर 4 बजे श्री चक्की वाले महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई यह भव्य यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ शामिल हुए. यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए।

संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया. श्री चक्की वाले बाबा पालकी भक्त मंडल एवं सेवा समिति (रजि.) के अनुसार, इस वर्ष की पालकी यात्रा का मुख्य आकर्षण उज्जैन के राजा अवन्तिकाधीश बाबा महाकाल का चंद्रमालेश्वर स्वरूप पालकी में तथा मनमहेश स्वरूप हाथी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करना रहा. इसके साथ ही श्रद्धालुओं को महाकाल सेहरा दर्शन, उमा-महेश के दिव्य दर्शन, चंद्रमालेश्वर पालकी दर्शन तथा मनमहेश स्वरूप के दर्शन का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ. पहली बार भगवान के पांच दिव्य स्वरूपों के दर्शन इस यात्रा की विशेष पहचान बने. यात्रा की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि श्री खजराना गणेश जी स्वयं पालकी यात्रा का नेतृत्व करते हुए अग्रभाग में विराजमान रहे. पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और जय श्री चक्की वाले बाबा के जयघोष गूंजते रहे.

### महू के सरकारी अस्पताल में बड़ा हादसा टला

**महू.** मध्य भारत अस्पताल में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. सुबह करीब 11.30 बजे अस्पताल भवन के एक हिस्से का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया. हादसे के वक्त घटना स्थल के ठीक नीचे एक मासूम बच्चा बैठा हुआ था, जो मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। छज्जा गिरने की तेज आवाज से पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और मरीजों व उनके परिजनों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया. घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जोरदार आवाज होते ही लोग घबराकर मौके की ओर दौड़े।

चश्मदीदों के अनुसार, बच्चा कुछ समय पहले ही उस जगह से थोड़ा हटा था। अगर वह ठीक उसी स्थान पर मौजूद रहता, तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी मरीज या उनके परिजन के घायल होने की खबर द्वठु नहीं है. मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रभारी मधुकर शुक्ला ने बताया कि अस्पताल की बिल्डिंग काफी पुरानी हो चुकी है, जिसके कारण यह छज्जा कमजोर होकर गिर गया। उन्होंने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और इस पूरे मामले की आधिकारिक जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है.

### महू गांव में जनसेवा शिविर आयोजित

**महू.** काकर पुरा वार्ड क्रमांक 6 में टीम अरशद खान द्वारा एक दिवसीय विशाल जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना तथा आवश्यक दस्तावेज़ आसानी से उपलब्ध कराना था. शिविर में सुबह से ही स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और आयुष्मान कार्ड बनाए गए. साथ ही पुराने दस्तावेजों में सुधार और अपडेट करने की सुविधा भी प्रदान की गई. एक ही स्थान पर सभी जरूरी कागजात निशुल्क और आसानी से बन जाने पर वार्डवासियों ने राहत की सांस ली और टीम अरशद खान के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की. इस सेवा शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से सोहेल शेख, श्रीमती समा खान, जाहिर शेख, बाबू शेख, साद शेख, दानिश शेख और रेहान शेख उपस्थित रहे. सभी सहयोगियों ने शिविर में आए बुजुर्गों, महिलाओं और अन्य नागरिकों की फॉर्म भरने व अन्य प्रक्रियाओं में मदद की.

# नाना पटवारी को तीन मामलों में, भरत को एक मामले में आरोपी बनाने की तैयारी

### ड्रग्स, सट्टा एप और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में भूमिका की जांच पूरी, जल्द हो सकता है पुलिस का खुलासा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. ड्रग्स, सट्टा एप और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की जांच में पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना उर्फ कुलभूषण पटवारी और भरत पटवारी की भूमिका की जांच की है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक नाना पटवारी को तीन मामलों और भरत पटवारी को एक मामले में आरोपी बनाया जा सकता है. मामले में पुलिस की ओर से जल्द विस्तृत खुलासा किए जाने की संभावना है.**

राजेंद्रनगर पुलिस ने कुछ समय पहले ड्रग्स से जुड़े मामले में आरोपियों को पकड़ा था. पूछताछ के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने नाना उर्फ कुलभूषण पटवारी से पूछताछ की थी. इसके अलावा भरत पटवारी से भी मामले से जुड़े बिंदुओं पर जानकारी ली गई थी. पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया था. इसके बाद डीसीपी की टीम ने मामले की जांच आगे बढ़ाते हुए कई लोगों से पूछताछ की. इनमें रवि चौधरी, इरफान खान उर्फ गोलू, मानव नगवानी, संजय कौशल उर्फ रोनी सहित अन्य लोग शामिल हैं. वहीं एक युवती की ओर से दी गई धोखाधड़ी की शिकायत के मामले में सुमित मंत्री से भी पूछताछ की गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार जांच में नाना उर्फ कुलभूषण पटवारी की भूमिका ड्रग्स, सट्टा एप और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में सामने आए है, वहीं भरत पटवारी की भूमिका धोखाधड़ी के मामले तक बताई जा रही है. पुलिस अब उपलब्ध तथ्यों और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है. मामले की जांच जारी है, जांच में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

डीसीपी, नरेंद्र सिंह रावत

# 24 घंटे में सड़क हादसों में पांच मौत

### एक सप्ताह में दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने गंवाई जान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थम नहीं रहा है. बीते 24 घंटे में अलग. अलग क्षेत्रों में हुए हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई. हादसे लसूडिया, कनाड़िया, विजय नगर और सांवेर थाना क्षेत्रों में हुए. वहीं, पिछले एक सप्ताह में शहर और आसपास के इलाकों में सड़क दुर्घटनाओं में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है.**

कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अशोक पिता जगदीश उम्र 40 साल निवासी अंबामूलिया की मौत हो गई. अशोक आइडिया कंपनी की सिम बेचने का काम करता था. वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी. हादसे के बाद चालक मौके से भाग निकला, पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है. विजय नगर थाना क्षेत्र में सी 21 मॉल के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से निकिता नामक युवती की मौत हो गई. निकिता नरसिंहपुर की रहने वाली थी और निजी कंपनी में नौकरी करती थी. इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. लसूडिया क्षेत्र के सैटेलाइट जंक्शन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, उसकी पहचान नहीं हो सकी है. इसी थाना क्षेत्र में शिवराज नामक युवक की भी सड़क हादसे में मौत हुई. सांवेर थाना क्षेत्र के पंचडेरिया फाटे पर अजय पिता किशोरीलाल निवासी कालिंदी गोल्ड की हादसे में जान चली गई.

### बहन से मिलने भोपाल जा रहे दुकान संचालक की मौत...

मूसाखेड़ी निवासी 35 वर्षीय साइकिल दुकान संचालक संजय पिता रमेश की भी सड़क हादसे में मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि संजय भोपाल में रहने वाली बहन से मिलने जा रहा था. इसी दौरान सड़क पार करते समय किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल संजय ने दम तोड़ दिया. पुलिस ने शव का एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है.

# 11 पुलिस अधिकारी सेवानिवृत, भावुक माहौल में दी विदाई

### अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा- पुलिस सेवा का अनुभव अब नई पीढ़ी के मार्गदर्शन में आएगा काम

नव भारत न्यूज

**इंदौर. 11 अधिकारी सोमवार को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा से विदा हुए. पलासिया स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों और उनके परिजनों की मौजूदगी में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का सम्मान किया. वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें स्वस्थ, सुखद और सक्रिय जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं.**



समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में लंबे समय तक चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियां निभाते हुए अधिकारियों ने जनता की सेवा की है. अब जीवन की नई पारी में स्वयं और परिवार को समय देने का अवसर है. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, अपनी रुचियों को आगे बढ़ाएं और अपने अनुभवों से पुलिस परिवार के साथियों का मार्गदर्शन करते रहें. उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी पुलिस परिवार से उनका जुड़ाव बना रहेगा. समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपनी सेवाकाल की यादें और अनुभव साझा किए। विदाई के दौरान कई साथी भावुक नजर आए. सेवानिवृत्त होने वालों में निरीक्षक शिवकुमार पटेल, उपनिरीक्षक संत बहादुर सिंह, मुकुंदीलाल अहिरवार, उपनिरीक्षक (अ) कला क्षेत्री, सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसिंह चौहान, लेओस कुजूर, माखनलाल पटेल, संजय सिसौदिया, हरिओम दाईपुरिया, शिवराज सिंह गुर्जर और आरक्षक मदन कुमार शर्मा शामिल रहे.

# अवैध वसूली मामले में जिलाबदर बदमाश महेश टोपी गिरफ्तार

इंदौर. शराब दुकान पर अवैध वसूली के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है. शिकायत के आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपी को पकड़ा है. वहीं तीन दिन पहले सामने आए विवाद और वायरल वीडियो से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है.

शराब दुकान के सेल्समैन की शिकायत पर महेश टोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई. जांच में सामने आया कि आरोपी पहले से जिला बदर बदमाश है. पुलिस अब उसके खिलाफ दर्ज मामलों और जिला बदर आदेश के उल्लंघन से जुड़े बिंदुओं की भी जांच कर रही है. मामले से जुड़े घटनाक्रम में तीन दिन पहले शराब दुकान पर कार्रवाई के दौरान हेड कांस्टेबल तन्मय सिंह तोमर और सेल्समैन के बीच विवाद हुआ था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने इस पूरे मामले की जांच शुरू की है. पुलिस यह पता लगा रही है कि विवाद किन परिस्थितियों में हुआ और वायरल वीडियो में सामने आए तथ्यों की वास्तविक स्थिति क्या है. थाना प्रभारी द्वारकापुरी, मनीष मिश्रा ने बताया कि अवैध वसूली की शिकायत के आधार पर महेश टोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया है, वह जिला बदर बदमाश है. वहीं वायरल वीडियो और हेड कांस्टेबल व सेल्समैन के बीच हुए विवाद की भी जांच की जा रही है. जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**एक नजर में** — रॉबर्ट चौराहे से निपानिया तिराहे तक उखड़ी सड़क, जलभराव से बढ़ा हादसों का खतरा

# सड़कें बन रहीं शहर में, रिंग रोड का सर्विस रोड गड्ढों में



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के कई क्षेत्रों में सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है. वहीं विकास के दावों के बीच पूर्वी रिंग रोड का सर्विस रोड बदहाली की कहानी बयां कर रहा है. तिराहे तक गड्ढों, जलभराव और उखड़ी सड़क ने राहगीरों व वाहन चालकों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है.**

ऐसा ही एक मामला पूर्वि रिंग रोड के सर्विस रोड की बदहाल स्थिति का सामने आया है. देवास नाका क्षेत्र में रोबोट चौराहे से निपानिया तिराहे तक आने वाला रिंग रोड का सर्विस रोड पिछले कई महीनों से बड़े बड़े गड्ढों और उखड़ी सड़क के कारण हादसों का कारण बन रहा है. बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता. ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं. कई स्थानों पर सड़क धंसने जैसी स्थिति भी बन गई है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है. स्थानीय निवासियों ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले यहां सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य हुआ था. उस समय कार्य पूरा होने के बाद सड़क का पुनर्निर्माण कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत या निर्माण शुरू नहीं हो सका. लगातार बढ़ती बदहाली से क्षेत्रवासियों और राहगीरों में नाराजगी है. लोगों ने जिम्मेदार विभाग से जल्द सड़क निर्माण कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है.

### इनका कहना है...



सीवरेज का करते समय हमें बताया गया था कि जल्दी ही सड़क बनाई जाएगी, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ. बरसात में गड्ढों से हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है.

- घनश्याम पुरी



लोग ऐसे ही रास्ते से गुजरने को मजबूर है, गड्ढों में पानी भरने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती. कई वाहन फिसल चुके हैं, जिम्मेदार विभाग जल्द सड़क की मरम्मत कराए, ताकि हादसे रुक सकें.

- बबलू झरने



परेशानी का सबब बन गया हैं, सर्विस रोड. उखड़ी सड़क और जलभराव से हर दिन जोखिम उठाना पड़ता है. प्रशासन को तत्काल निर्माण कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना चाहिए.

- इंज़मामूल